उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902

पत्रांकः–परीक्षा/293 /2022–23 दिनांकः27 मार्च, 2023

विज्ञप्ति/अधिसूचना

आयोग द्वारा पदनाम–कनिष्ठ सहायक/डाटा एन्ट्री आपरेटर/कनिष्ठ सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर/ टंकक/टाईपिस्ट, कर संग्रहकर्ता, अमीन/भूमि अध्यापित निरीक्षक, सर्वे लेखपाल, रिकार्ड कीपर, पेशकार, टेलीफोन ऑपरेटर, स्वागती पदों के लिए **दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 को** लिखित प्रतियोगी परीक्षा एवं **दिनांक 30–05–2022 से 01–06–2022 तक आयोजित** टंकण परीक्षा के आधार पर आयोग की विज्ञप्ति संख्या–परीक्षा/292 दिनांक 24.03.2023 के द्वारा अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित की गई। जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के आधार पर अभिलेख सत्यापन हेतु **दिनांक 03–04–2023** से निर्धारित कार्यक्रम तैयार किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम की **तिथि को अंकित Serial Number** के अनुसार अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन आयोग कार्यालय में किया जायेगा। औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड है।

अतः समस्त औपबन्धिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि :–

1. औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के अनुसार अभिलेख सत्यापन की नियत तिथि को अभ्यर्थी द्वारा अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित, जो अभ्यर्थी के द्वारा विज्ञापित पद हेतु आवेदन पत्र में निर्धारित शैक्षिक अर्हता के अनुरूप अंकित किए गये शैक्षिक अर्हता व अन्य प्रमाण पत्र , की स्वप्रमाणित दो–दो प्रतियाँ (अलग–अलग) **व 06 पास पोर्ट आकार की फोटोग्राफ** के साथ **निर्धारित तिथियों** को **प्रातः 9.30 बजे आयोग कार्यालय** में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
2. ध्यान दें कि शैक्षिक अर्हता के अन्तर्गत विज्ञापित पद के अनुरूप अभ्यर्थी की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट व अन्य समस्त वर्षों सहित अंक तालिकायें व प्रमाण पत्र तथा आरक्षण व स्थाई निवास से संबंधी प्रमाण पत्रों के मूल अभिलेखों सहित नियत तिथि को उपस्थित होना अनिवार्य है। **आरक्षण (EWS/OBC/SC/ST/PH/EX/DFF) का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक का वैध प्रमाण पत्र, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो,** को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. अभ्यर्थी के नाम/पिता के नाम में विभिन्न प्रमाण पत्रों में साम्य न हो तो उक्त के सम्बन्ध में शपथ पत्र मूल एवं छायाप्रति लाना अनिवार्य है।
4. आयोग की वेबसाइट पर **संवाद संख्या–79 के साथ अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित प्रारूप (चैकलिस्ट)** एवं **अभिलेख सत्यापन में उपस्थिति हेतु औपबन्धिक प्रवेश पत्र** संलग्न है। कृपया उक्त प्रारूपों को डाउनलोड कर उसके अनुरूप समस्त संलग्नकों का विवरण दो–दो प्रतियाँ (अलग–अलग) में तैयार कर निर्धारित तिथि को यथा समय आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे।
5. अभिलेख सत्यापन की तिथि को अभ्यर्थियों के द्वारा ऑनलाईन विभागवार प्राथमिकता (Preference) भरना अनिवार्य है।
6. अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथियों में अभ्यर्थियों की उपस्थिति नितान्त रूप से अनिवार्य होगी तथा निर्धारित तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि को उपस्थित न होने के संबंध मे यदि कोई गंभीर कारण हों तो उस संबंध में अभ्यर्थी साक्ष्य के साथ अपने अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि से आगामी 07 दिनों की अवधि में आवश्यक रूप से अभिलेख सत्यापन में उपस्थित हो सकते हैं। इसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी के अभिलेख सत्यापन के लिए कोई अन्य तिथि निर्धारित नहीं की जायेगी।
7. यदि अभिलेख सत्यापन की निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावे के अनुरूप सही अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थियों को वांछित अभिलेख आयोग कार्यालय

क्रमशः

में जमा किये जाने हेतु अधिकतम 07 दिन का समय प्रदान किया जायेगा। यदि अतिरिक्त 07 दिन की अवधि में भी अभ्यर्थी द्वारा अभिलेख आयोग कार्यालय में जमा नहीं किया जाता है तो उनका अंतिम चयन परिणाम हेतु विचार नहीं किया जायेगा।

8. आयोग परिसर में मोबाईल फोन, कैमरा तथा अन्य इलैक्ट्रानिक उपकरण लाना निषिद्ध है।

कनिष्ठ सहायक/डाटा एंट्री ऑपरेटर/कर संग्रहकर्ता/स्वागती/टेलीफोन ऑपरेटर भर्ती परीक्षा के अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित कार्यक्रम

क्रम स0	औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची में चयनित अभ्यर्थी का क्रमांक (S.No.)	अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि
1	क्रमांक 01 से 80 तक	03.04.2023 (सोमवार)
2	क्रमांक 81 से 160 तक	05.04.2023 (बुधवार)
3	क्रमांक 161 से 240 तक	06.04.2023 (बृहस्पतिवार)
4	क्रमांक 241 से 320 तक	10.04.2023 (सोमवार)
5	क्रमांक 321 से 400 तक	11.04.2023 (मंगलवार)
6	क्रमांक 401 से 480 तक	12.04.2023 (बुधवार)
7	क्रमांक 481 से 560 तक	13.04.2023 (बृहस्पतिवार)
8	क्रमांक 561 से 640 तक	17.04.2023 (सोमवार)
9	क्रमांक 641 से 720 तक	18.04.2023 (मंगलवार)
10	क्रमांक 721 से 800 तक	19.04.2023 (बुधवार)
11	क्रमांक 801 से 880 तक	20.04.2023 (बृहस्पतिवार)
12	क्रमांक 881 से 960 तक	21.04.2023 (शुक्रवार)
13	क्रमांक 961 से 1040 तक	24.04.2023 (सोमवार)
14	क्रमांक 1041 से 1136 तक	25.04.2023 (मंगलवार)

सचिव
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग।